# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः छा० क०–97/25 दिनांक 23/07/2025

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,
ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2025–29 (सी0बी0सी0एस0) में नामांकन हेतु प्रकाशित द्वितीय चयन सूची से नामांकन के संबंध में।**

**महाशय/महाशया,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र– 2025–29 सी0बी0सी0एस0 के तहत नामांकन हेतु द्वितीय चयन सूची विश्वविद्यालय के बेवसाईट www.lnmu.ac.in पर जारी कर दी गयी है। पूर्व में जारी की गयी प्रथम चयन सूची के अनामांकित रिक्त सीटों पर उसी कैटेगरी के छात्रों का चयन उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये महाविद्यालय वरीयता तथा अंतर–स्नातक में प्राप्तांक के आधार पर चयन किया गया है। द्वितीय चयन सूची में चयनित छात्र/छात्राओं का नामांकन ***दिनांक– 24.07.2025 से 29.07.2025 तक*** आवंटित महाविद्यालय में ही लिया जाय। नामांकन से संबंधित अन्य बातें पत्रांक– छा0क0– 78/25 दिनांक– 03.07.2025 पत्र के अनुसार यथावत् रहेंगी।

छात्र/छात्रा अपना चयन–पत्र (Selection letter) आवेदन आई–डी (Application I.D) एवं जन्म तिथि (Date of Birth) या यूजर आई डी (ई–मेल) एवं पासवर्ड (Password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर अपना सेलेक्शन लेटर डाउनलोड कर सकते हैं।

*नोटः–*

***प्रधानाचार्य नामांकित अभ्यर्थियों का डैस–बोर्ड पर दिनांक– 30.07.2025 के 2:00 बजे अपराह्ण तक निश्चित रूप से अपडेट कर लेंगे, जिन अभ्यर्थियों के नामांकन को महाविद्यालय द्वारा Dash Board पर ऑनलाईन के माध्यम से अंतिम रूप से Update नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित छात्र–छात्रा नामांकन हेतु महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए। द्वितीय चयन सूची के आधार पर लिये गये नामांकन के उपरान्त रिक्त सीट पर विश्वविद्यालय द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।***

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

अशोक 23.7.25

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण